## खबर संक्षेप

### तामिया बीआईओ रह चुके आनंद धुर्वे का निधन



न्यूटन / परासिया :न्यूटन चिखली वार्ड क्रमांक 8 निवासी स्व.खूबीराम धुर्वे के पुत्र एवं टोनी धुर्वे के बड़े भाई , तामिया में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रह चुके आनंद धुर्वे का हृदय घात से बुधवार दोपहर करीब 2 बजे दुखद निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार आज गुरुवार को सुबह 10 बजे न्यूटन नंबर 9 के मोक्षधाम में किया जायेगा।

### गुरूपूर्णिमा महोत्सव पर हुआ शिवलिंग निर्माण



**छिन्दवाड़ाः** गुरू पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर जिला शिवसेना कार्यालय गुलाबरा में पाथेश्वर शिवलिंग का निर्माण निरंतर जारी है गुरू पूर्णिमा पर्व पर गुरूदेव श्री 108 गोवर्धन पटेल जी एवं गुरू माताजी की विधिवत पूजन पश्चात सीताराम कीर्तन के साथ गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा। शिवसेना नेता नितिन राय ने कहा कि विगत कई वर्षो से गुरू पूर्णिमा पर पाथेश्वर शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है नगर एवं जिले की धर्मप्रेमी जनता से शिवसेना ने गुरू पूर्णिमा महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।जय भवानी जय शिवाजी।

### कल मनेगा श्री वीर शासन जयंती महोत्सव

**छिंदवाड़ा।** आषाढ़ शुक्ल अष्टमी से प्रारंभ हुए जैन दर्शन के अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका की पूर्णता आज आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा गुरुवार के शुभ दिन होगी। आठ दिवसीय मंगल महोत्सव पर नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा प्रातः 7 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन, 7.15 से श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री नंदीश्वर दीप पूजन कर श्री नंदीश्वर दीप बावन पूजन विधान एवं विधान किया जावेगा।कल मनेगा श्री वीर शासन जयंती महोत्सव -श्री जैन ने बताया कि कल श्रावण वदि एकम शुक्रवार 11 जुलाई को तीर्थंकर महावीर भगवान का प्रथम धर्म उपदेश दिव्य ध्वनि प्रसारण का शुभ दिन श्री वीर शासन जयंती महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ प्रातः 7 बजे से भक्ति भाव पूर्वक मनाया जाएगा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित

# पीएम आवास योजना में लापरवाही बरतने पर हर्रई सीएमओ का रूकेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में नगरपालिक निगम कमिश्नर श्री सीपी राय, नगर निगम के सहायक यंत्री सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।



### अमृत हरित अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करें

कलेक्टर श्री सिंह ने अमृत हरित अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले पौधारोपण की समीक्षा करते हुए कहा कि पौधे ऐसे स्थानों पर लगाए जाएं जहाँ उनका संरक्षण किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल औपचारिकता के लिए पौधारोपण न किया जाए। ऐसे स्थानों का चयन किया जाए, जहां बाद में पौधों को हटाना न पड़े। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल नाम के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि पौधों को बचाने योग्य स्थिति में रोपण किया जाए।

### अतिक्रमण के मामलों में लगातार हो कार्रवाई

कलेक्टर श्री सिंह ने अतिक्रमण के मामलों में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के कुछ दिनों बाद पुनः अतिक्रमण कर लिया जाता है, जो चिंताजनक है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### लापरवाही पर ठेकेदारों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

बैठक में यह भी सामने आया कि कुछ कार्यों में ठेकेदार रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे कार्यों में देरी हो रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए, क्योंकि विलंब से शासन एवं आमजन दोनों को नुकसान होता है।

### हर्रई सीएमओ का वेतन रोकने के दिये निर्देश

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान हर्रई नगरीय निकाय की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत शेष सत्यापन कार्य को आगामी तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश सभी निकायों को दिए गए।

### समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकाय अपने क्षेत्र में प्रगतिरत कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही या विलंब की स्थिति में संबंधित एजेंसी एवं अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सचिव का एक और कारनामा, शौचालय और प्याऊ बना डाले एक साथ, दोनों में प्रवेश दूभर

# अधिकारियों के नियंत्रण से शायद बाहर हो चुकी तामिया पंचायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद की मुख्यालय ग्राम पंचायत की भ्रष्ट कार्यप्रणाली को देख कर ऐसा लगने लगा है कि इस ग्राम पंचायत सचिव पर अपने ही अधिकारियों का नियंत्रण नहीं रहा है या फिर अधिकारी ग्राम पंचायत को अपने अधीन नहीं मानते ऐसी चर्चा इस ग्राम में वर्तमान में व्याप्त है।

ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्यों को तकनीकी नियम कानून के विरुद्ध स्वीकृत करवा कर मनमाने तरीके से निर्माण कार्य में अनियमिता लगातार वरती जा रही है जिसके प्रत्यक्ष ऊदाहरण देखने सुनने मिल रहे हैं। बानगी के तौर पर सीसी रोड पुलिया निर्माण में तो अनियमितता साफ देखने मिल रही है, लेकिन जब लापरवाही जब सार्वजनिक हो रहे निर्माण में देखने मिले तो आम जनता का आश्चर्यचकित होना सहज बात है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

तामिया के साप्ताहिक बाजार में सार्वजनिक शौचालय एवं बाजार में आने वाले ग्रामीण एवं व्यापारियों के लिए पेयजल टंकी बनाई गई है, उसमें की गई विसंगतियां पंचायत सचिव के द्वारा साफ देखने मिल रही है कि सार्वजनिक शौचालय एवं पेयजल टंकी का साथ बनना तकनीकी अधिकारी एवं मुख्य कार्य अधिकारी की कार्य प्रणाली पर बड़े सवाल खड़े करता है कि शौचालय जिसमें प्रवेश करना मुश्किल है उससे सटकर पेयजल टंकी बनाना घोर लापरवाही स्पष्ट प्रदर्शित करता है कि पूरे देश भर में शायद ऐसा कोई सार्वजनिक स्थान होगा जहां पर पंचायत नगर पालिका नगर निगम में शौचालय एवं पेयजल टंकी साथ बनी हो सबसे आश्चर्यजनक पहलू यह है कि इतनी गंदगी पेयजल टंकी से सटे शौचालय में हो तो वहां आदमी प्यासा रहना पसंद करेगा।

बजाए पानी पीने के ग्राम पंचायत तामिया का जीता जागता लापरवाही भरा उदाहरण पेयजल टंकी एवं शौचालय का साथ-साथ बनाना सचिव की मनमानी अधिकारियों का संरक्षण ही सिद्ध करता है। यदि पेयजल टंकी शौचालय के निर्माण की लागत चार लाख छह हजार खर्च की गई है। इन दोनों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा तो वा मुश्किल पहली नजर में ही इसमें डेढ़ लाख रुपए से अधिक खर्च नहीं आया होगा।

इस तरह सार्वजनिक शौचालय एवं पेय जल टंकी का मूल्यांकन डेढ़ लाख से अधिक नहीं आएगा। इस तरह साप्ताहिक बाजार में सर्वजनिक शौचालय एवं पेयजल टंकी के नाम पर भ्रष्टाचार के साथ-साथ अनियमित बरती गई है। अधिकारियों को अपनी साख बचाने के लिए मूल्यांकन एवं जांच करानी चाहिए।

# यूरिया के अवैध भंडारण करने पर दुकान संचालक पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अवैध भंडारण की दर्जनों शिकायत के बाद आखिरकार कार्यवाही तो हुई। जिले में इन दिनों यूरिया की कालाबाजारी के बहुत से केस सामने आ रही है।इस विभागीय कार्यवाही से हड़कंप मचा है।

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास छिन्दवाडा का पत्र कमांक/तरा-7/कीट/2025-26/741 छिन्दवाडा दिनांक 10.06.2025 आदेश के परिपालन में उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत उर्वरक बीज एवं दवा विक्रेताओ का सघन जांच अभियान अंतर्गत कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है, दिनांक 07.07.2025 को माँ नर्मदा नेमा कृषि केन्द्र अमरवाडा जिसका उर्वरक पंजीयन (कमांक RS/455/1401/106/2019 वैधता दिनांक 28.10.2027) के प्रतिष्ठान का निरीक्षण करने पर संचालक सनल नेमा के द्वारा निरीक्षण दल को सहयोग न करते हुये आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये एवं गोदाम में भंडारित उर्वरको को नहीं दिखाया गया। निरीक्षण दल द्वारा लिखित निरीक्षण प्रतिवेदन उपसंचालक कृषि छिन्दवाडा को प्रस्तुत किया गया जिसके आधार पर वरिष्ठालय द्वारा पत्र आदेश कमांक/तस-7/उर्व/2025-26/1762 छिन्दवाडा दिनाक 07.07 2025 को उर्वरक लाईसेंस कमांक RS/455/1401/106/2019 निलंबित किया गया था। वरिष्ठालय द्वारा निलंबित आदेश के परिपालन में पुनः दिनांक 08.07.2025 को माँ नर्मदा नेमा कृषि केन्द अमरवाडा के पिपरिया राजगुरू मार्ग पर स्थित खाद गोदाम का नायब तहसीलदार श्रीकांत भूरिया तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रभारी श्रीमति अनीता डेहरिया के द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया और दुकान संचालक पर कार्यवाही की गई।

# चंद घंटों में हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



माहुलझिर पुलिस ने चंद घंटों में हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिलीप पिता जगदीश प्रसाद राय उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम झिरपा (माहुलझिर) (खेत मालिक ) दिनांक 07.07.25 के 20.22 बजे सूचना दिया कि पुरतला रोड नहर के पास इसके खेत में लच्छीराम पिता सुखलाल भारती उम्र 40 वर्ष निवासी झिरपा का अपनी दासता पत्नी (मृतिका) विनीता एवं उसकी बच्ची परिनीता भारती के साथ खेत में बने मकान में रहता हैं, पति पत्नी दोनों मजदूरी का काम करते हैं।

सूचनाकर्ता अपने खेत जाकर तालाब की मेढ़ से लच्छीराम भारती को आवाज लगाया तो किसी की आवाज नहीं आई जाकर देखने पर घर का दरवाजा खुला था और लच्छीराम की दासता पत्नी (मृतिका) विनीता पति लच्छीराम भारती उम्र 31 साल निवासी ग्राम झिरपा (माहुलझिर) कमरे के अंदर चित्त अवस्था में मृत पड़ी हुई थी, चेहरे पर चोट के निशान दिख रहे थे, उसकी मृत्यु हो चुकी थी, लच्छीराम राम और उसकी बेटी कही नहीं थे पति लच्छीराम का फोन बंद आ रहा था। सूचनाकर्ता की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग की जांच में पाया गया कि आरोपी (पति) लच्छीराम पिता सुकलाल भारती उम्र 53 साल निवासी 50 क्वाटर ग्राम झिरपा (माहुलझिर) द्वारा चरित्र शंका के संदेह पर मृतिका (दासता पत्नि) विनीता के साथ डंडा से मारपीट करना एवं विनिता द्वारा अपने बचाव में चिल्लाने पर आरोपी (पति) द्वारा विनीता भारती का अपने हाथों से मुहं दबाने से दम घुटने के कारण विनीता भारती की मृत्यु होना , रिपोर्ट पर अपराध क्र 61/25 धारा 103(1) बीएनएस (पुरानी धारा 302 भादवि) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जर्जर हालत में कन्हान नदी पर बना प्रीति पुल

**आवागमन हो रहा बाधित, बारिश के दिनों में बढ़ जाती है परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

कन्हान नदी दमुआ में वर्षो पूर्व बना प्रीति काफी जर्जर हालत में पहुंच गया है। उक्त पुल की हालत इतनी खराब हो गई है कि उक्त पुल कोयला खदानो राष्ट्रीय करण के पूर्व कासद के जमाने में बना था उसमें लगा लोहे का सामन जंग खाकर सड गया है। जिसकी हालत ठीक नही है जो कि कभी भी भरभरा कर गिर सकता है। भारी बारिश में जब कन्हान नदी उफान में रहती है तो पुल हिलने लगता है। जिसकी जर्जर हालत को देखते हुए भारी वाहन का प्रवेश बंद कर दिया गया है। भारी वाहन का प्रवेश न हो इसके लिए पुल के दोनो ओर



लाहें की एंगल लगाई गई थी जिसे अवैध रेत कोयला के उत्खनन करने वालो के द्वारा बार बार तोड दिया जाता है। रात्रि के समय भारी वाहन अवैध रूप से रेत, गिट्टी कोयला भरकर उक्त पुल से आवा जाही करते है। जिस पर रोक लगाया जाना चाहिए। अन्यथा किसी भी समय कोई भी बडी दुर्घटना हो सकती है इसकी जवाबदारी किस की होगी। खास बात तो यह है कि निकाय चुनाव के दौरान पूर्व सी.एम श्री शिवराजसिंह जी चौहान जी द्वारा नया बस स्टेण्ड में घोषणा की गई थी भाजपा की सरकार बनने पर पुल का निर्माण किया जावेगा किन्तु आज दिनांक तक पुल के निर्माण का कोई अता पता नही है इनकी घोषणा मात्र आश्वासन ही साबित हो रही है। जनमानस ने शासन प्रशासन से इस ओर ध्यान देते हुए शीघ्र ही पुल निर्माण की मांग की है।

# आज श्री दादाजी दरबार शंभूधाम में मनेगा गुरूपूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री दादाजी दरबार शंभुधाम- नेर में धूमधाम से मनाया जाएगा विशाल सत्ता एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्व श्री दादाजी धुनीवाले खंडवा श्री जाम सांवली वाले हनुमान जी महाराज श्री दादाजी धुनीवाले आंचलकुंड धाम जी के आशीर्वाद सेछिंदवाड़ा जिले के श्री दादाजी दरबार शंभुधाम- नेर में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी श्री दादाजी दरबार शंभुधाम नेर में विशाल सत्ता एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्व में आयोजकः समस्त ग्रामवासी- नेर एवं क्षेत्रवासी आप सभी भक्तगण सादर आमंत्रित है।

श्री दादाजी दरबार शंभुधाम- नेर के अध्यक्ष- जयकुमार नागवंशी ने बताया कि सभी सेवादारों ने समस्त दादाजी ने भक्तों से इस पुनीत काम में तन मन धन से सहयोग की अपेक्षा के साथ अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

पूर्ण श्रद्धभाव एवं धूमधाम से मनाया जाएगा 10 जुलाई दिन- गुरुवार को दोपहर 12 बजे हवन पूजन एवं दादाजी की आरती होगी उसके बाद दोपहर- 1 बजे विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण होगा उसके बाद दोपहर 2 बजे समापन- विशाल सत्ता एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्वआयोजक समितिः- श्री दादाजी दरबार शंभुधाम- नेर आपका अभिनंदन करता है।

# नागद्वार यात्रा में भक्तों के लिए नागठाणा में होगा महाप्रसाद वितरण



**दमुआ।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष नागपुर से नागठाणा आकर सेवाभावी समिति श्री गोरख-मच्छिंद्रनाथ नागद्वार स्वामी नागठाणा सेवा मंडल दमुआ से नागद्वार पैदल यात्रा करने वाले भक्तों के लिये नागठाणा मंदिर मे 19 जुलाई 2025 से 29 जुलाई 2025 तक महाप्रसाद (लंगरसेवा)का आयोजन किया गया हैं सुबह भक्तों के लिये गरमा-गरम चाय नास्ता,सुबह 10 बजे भोजन रहेगा।एवं शनिवार 26 जुलाई 2025 को सुबह 10 नागद्वार स्वामी की महाआरती का भी आयोजन के साथ सुंदरकांड पाठ ,भक्तिगित का आयोजित किया गया है।लगातार पिछले 19 वर्षो नागपुर से नागठाणा आकर यह समिति नागठाणा में भाविक भक्तों की सेवा मे निस्वार्थ भाव लगी रहती। इस वर्ष भी आयोजन का निर्णय समिति के संस्थापक-अध्यक्ष नारायण खापरे ने लिया हैं एवं उपाध्यक्ष विनोद खनके,सचिव दिपकसिंग गौतम,सहसचिव दिलीप खंगार, कोषाध्यक्ष शैलेश केवटे,संघटन प्रमुख-गोपाल खापरे, विश्वस्त राहुल तरारे,रुपेश आष्टीकर,प्रितेश साहु,काशीनाथ धापोडकर,गिरीश पाठराबे,नितीन पराते,सुरेश केळवदकर,नंदु गौतम,प्रिंस राजपाल,सतीश प्रजापति,प्रदिप साहु,पप्पु पांडे,रणजीत अग्रवाल, अशोक पाटील आदि सदस्य आयोजन सफलार्थ कार्यरत हैं।

# शिकायत की जांच में खानापूर्ति कर लौटे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



उप तहसील उमरेठ के अंतर्गत जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत दमुआ रैयत में व्याप्त समस्याओं को लेकर की गई शिकायत की जांच में पहुंचे अधिकारी खाना पूर्ति कर वापस लौट गए। शिकायतकर्ताओं ने पुनः उच्च स्तर पर शिकायत करने की बात कही है। गौरतलबब है , कि ग्राम पंचायत दमुआ रैयत के उप सरपंच और कुछ ग्रामीणों के द्वारा पंचायत के अंतर्गत दमुआ माल और गौरपानी में जारी निर्माण कार्य को लेकर एसडीएम से शिकायत की थी। इसके बाद परासिया एसडीएम के द्वारा जनपद सीईओ को जांच करवाने हेतु आदेश दिए थे। बुधवार को आर ई एस के एस डी ओ ललित वेद और छिंदवाड़ा से एक अन्य अधिकारी ग्राम पंचायत पहुंचे।यहां उन्होंने पंचायत के सरपंच और सचिव तुलाराम साहू को साथ लेकर गौरपानी में निर्माणाधीन पुलिया और दमुआ मॉल में डेम को लेकर हुई शिकायत का निरीक्षण किया।निरीक्षण आनन - फानन में किया जाकर अधिकारी पंचायत में आकर बैठ गए। अधिकारियों ने इस मामले में शिकायतकर्ताओं को ना सूचना भेजी और ना ही शिकायत संबंधी कागजात उनके पास देखने को मिले।शिकायतकर्ताओं को जब जानकारी मिली तो वे पंचायत पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को बताया , कि उनके द्वारा शिकायत की गई थी। यह भी बताया , कि उन्होंने किन - किन बिंदुओं पर शिकायत की है।पंचायत में कुछ देर रुकने के बाद अधिकारी वापस लौट गए।जिससे साफ जाहिर होता है , कि जांच को लेकर केवल खाना पूर्ति की गई है। अब देखना यह है , कि अधिकारियों के द्वारा जांच प्रतिवेदन में क्या लिखा जाता है ? बहरहाल शिकायत करता ने उन्हें उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

## तहसील कार्यालय परिसर में सुरक्षित नहीं लोगों की संपत्ति

# दिनदहाड़े लोक सेवा केंद्र के सामने से चुरा ले गए बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विभिन्न शासकीय अर्ध शासकीय कार्यों से जनपद पंचायत परिसर में बने लोक सेवा केंद्र में आने वाले ग्रामीणों की गाड़ियां यहां पर सुरक्षित नहीं है। दिनदहाड़े यहां से गाड़ीया चोरी होने की घटनाएं सामने आ रही है। बुधवार को दिनदहाड़े लोक सेवा केंद्र सौसर के सामने से एक पेंशन प्रो को गाड़ी चोरी होने की घटना सामने आई है। घटना के बाद में पीड़ित के द्वारा सौसर थाने में गाड़ी चोरी की शिकायत दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर 2:30 बजे के लगभग ग्राम पंढरी निवासी उमराज मोरे द्वारा लाई गई गाड़ी क्रमांक एम 31 डी एच 0 4921 टू व्हीलर वाहन पैशन प्रो जनपद पंचायत के पास बने लोक सेवा केंद्र सौसर के सामने से चोरी हो गई।सौसर थाने में की शिकायत में पीड़ति ने बताया कि बुधवार को सौसर लोक सेवा केंद्र में बालिका के दस्तावेज बनाने कार्य से आया था जिसके लिए गाड़ी लोक सेवा केंद्र के बाहर खड़ी की गई थी। काम होने के बाद में जब बाहर निकला तो गाड़ी वहां से गायब थी तहसील कार्यालय, जनपद एवं लोक सेवा केंद्र परिसर में बहुत देर तक ढूंढने के बाद में गाडी नजर नहीं आई है। सौसर थाने में गाड़ी चोरी की शिकायत दर्ज की गई है।



### महीनों से बंद पड़े हैं सीसीटीवी कैमरे

प्रतिदिन लोक सेवा केंद्र सौसर में सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण, महिलाएं छात्र-छात्राए बुजुर्ग विभिन्न कार्यों से आते हैं, परंतु सालों गुजर जाने के बावजूद भी लोक सेवा केंद्र संचालक के द्वारा अभी तक परिसर में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं।गाड़ी चोरी होने के बाद में पीड़ित के द्वारा पताशाजी करने के उद्देश्य को लेकर जनपद पंचायत लोक सेवा और तहसील कार्यालय परिसर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे मैं गाड़ी किसके द्वारा ली है गई है यह देखने का प्रयास किया गया परंतु पीड़ित के हाथों में असफलता आई है। मिली जानकारी के अनुसार इस परिसर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे महिनो से बंद पड़े हुए हैं। वहीं कई शासकीय कार्यालय के बाहर सुरक्षा के दृष्टिकोण को लेकर अभी तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए है। पीड़ित का कहना है कि यदि लोक सेवा केंद्र या फिर इस परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे होते तो गाड़ी चोरी करने वाले को आसानी से पकड़ा जा सकता था।गाड़ी चोरी होने के बाद में अब लोक सेवा में आने वाले लोगों के द्वारा परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की जा रही है।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
M.Sc. CS MCU
DCA/PGDCA
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A. MCU
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

भक्तों के लिए हनुमान लोक में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ, बुधवार शाम से ही भक्तों का आना हो गया शुरू

# गुरु पूर्णिमा पर जामसांवली में उमड़ेगा भक्तों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

गुरु पूर्णिमा को लेकर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में भव्य दिव्य तैयारीया की जा रही है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से हजारो की तादाद हनुमान भक्त जाम सांवली में पहुंचकर श्री मूर्ति के दर्शन करते हैं हाल ही में कलेक्टर एवं जिला अधिकारियों के द्वारा गुरु पूर्णिमा को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।



गुरु पूर्णिमा को लेकर बुधवार से ही चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में हनुमान भक्तों का आना शुरू हो गया है।बड़ी संख्या में छिंदवाड़ा की ओर से ट्रेन स्वयं के वाहनों के अलावा मोटरसाइकिल और पदयात्रा करते हुए हनुमान भक्त जाम सावली पहुंचे हैं। 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर हनुमान लोक में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। यहां पर आने वाले भक्तों के लिए मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से पेयजल पार्किंग सुरक्षा महाप्रसाद स्वास्थ्य सेवाओं आदि की व्यवस्थाएं बनाई गई है।बुधवार को जिला पांढुरना के कलेक्टर अजयदेव शर्मा के निर्देश के परिपालन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शुक्ला ने चमत्कारिक जाम सावली हनुमान मंदिर में स्वास्थ्य सेवा शिविर का शुभारंभ किया इस शिविर में गुरु पूर्णिमा पर पर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा साथ ही फैटी लीवर रोग, सिकल सेल, स्क्रीनिंग के साथ बी पी ,शुगर रोग की जांच भी की जावेगी इस अवसर पर चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी सचिव टीकाराम करोकार,विनोद मिश्रा नवनीत बोरकर, बी ई ई रविप्रसाद तुमडाम,राकेश गोस्वामी,साक्षी जुनधरे उपस्थित थे।

चर्चा के दौरान चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी हनुमान लोक के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि हनुमान लोक में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर आने वाले सभी भक्तों के लिए जिला स्थानीय प्रशासन के साथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से भी बारिश को देखते हुए विभिन्न व्यवस्थाएं बनाई गई है। जिसका यहां आने वाले सभी भक्तों ने लाभ लेना चाहिए।

## छात्र-छात्राओं को किया विधाता चैरिटेबल ने पुरस्कारों का वितरण



**सौसर।** विधाता चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग क्लासेस का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया मिली जानकारी के अनुसार60 दिवसीय निःशुल्क कोचिंग क्लासेस में छात्र–छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी की गई थी। समापन अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक विजय चौरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की जिसका लक्ष्य निर्धारित होता है ईश्वर भी उसकी सहायता करते है। प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए जिद्दी बनना जरूरी है अध्यन को टाले नहीं बल्कि निर्धारित समय पर कार्य के प्रति जागरूकता से करे सफलता अवश्य मिलेगी।संस्था के अध्यक्ष अमोल रंगारे ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रोशन सूर्यवंशी,द्वितीय नितेश टाकलखेड़े,तृतीय कामिनी खंडाईत को दिया गया।टॉप 10 में रितेश टाकलखेड़े,अंबिका डांगरे,मिनल साखरे,लक्ष्मीकांत बागड़े,गौरव कौसरे,अदिति बक्सरे,साक्षी सिसोदिया,रूपेश रंगारे,किरण माथनकर,अवंतिका सिंगपुरे ने स्थान प्राप्त किया। जिन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर अजय चौरगड़े,प्रेमराज लांडे, श्रीमती ज्योति देशभरतार,श्रीमती प्रिया नगराले,अक्षय बंसोड,सौरभ उईके,पायल गोले, प्रणाली ठवरे आदि उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेटों ने किया वृहद पौधारोपण, एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




24 एम पी बटालियन छिंदवाड़ा के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के निर्देशानुसार श्री नंदलाल सूद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के एनसीसी कैडेटों ने प्राचार्य श्री सी. एस. दीक्षित के मार्गदर्शन में हिंगलाज मंदिर के आगे शिवपुरी बीट कक्ष क्रमांक 469 घोघरी पंचायत में पौधरोपण किया। वहां उन्होंने लगभग 950 पौधों का रोपण किया।

इसमें वन परिक्षेत्र जमाई के वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री एच. एल.कोदार (आर ओ जमाई), परिक्षेत्र सहायक बढ़कुही सी.एम.मालवी (डिप्टी रेंजर) एवं वनरक्षक संतोषी साहू, संत कुमार चांदपुरिया, राहुल जायसवाल ,के साथ श्री प्रवीण किंकर वन विभाग का विशेष सहयोग रहा। फर्स्ट ऑफिसर मनोज शर्मा के साथ एनसीसी कैडेट देवांश मालवीय, यस बंदेवार, महिमा यदुवंशी,श्रेया पटने,संजना धुर्वे, के साथ लगभग 50 कैडेटों ने पौधारोपण किया। क्रेडिट ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कर प्रकृति को हरा-भरा रखने और संजीवनी का संकल्प भी लिया।

### भोज विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 23 से

**जुन्नारदेव।** राजा भोज विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 23 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो रही है। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम एवं तृतीय वर्ष की समय सारणी घोषित की गई है। शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य एवं भोज केंद्राध्यक्ष डॉ एके टांडेकर एवं केंद्र समन्वयक प्रोफेसर मनोज मालवीय ने महाविद्यालय में अध्यनरत प्रथम एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं से समय सारणी का अध्ययन कर परीक्षा में उपस्थित रहने की बात कही है।

## डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स हुए सम्मानित



**दमुआ।** जन्म लेने से लेकर जीवन के अंत तक डॉक्टर हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं डॉक्टरो की समर्पित सेवा के बिना हम अपने जीवन की कल्पना ही नही कर सकते है डॉक्टर इस धरती पर भगवान का दूसरा रूप होते है। डॉक्टर्स डे पर लायंस सेवा समिति दमुआ ने डॉक्टर्स डे पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें डॉ.आर के विश्वकर्मा जी, डॉ.संजय भटकर जी, डॉ. मानव कवल जी , डॉ . विशाल मेहरा, डॉ. राजकुमार राय , डॉ. स्वाति राय, डॉ. सुरेंद्र राय, डॉ. नवीन राय, डॉ.अनंत जैन ,डॉ. वहिद खान, डॉ.विनोद विश्वकर्मा, डॉ .पारस श्रीवास्तव , डॉ.छेदीलाल जी को माला ,शॉल, मिष्ठान व गौरव सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष रविशंकर साहू ,कृष्ण भालेराव, कृष्णप्रसाद, कमलेश प्रसाद, हरजीत सिंह खुराना ,यादव जी, दुर्गा सिंह राजपूत एवं राकेश खातरकर की विशेष उपस्थिति रही।

## डोमन गुरु बाबा मंदिर में मनाई जाएगी गुरुपूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चौरसिया समाज छिंदवाड़ा के द्वारा गुरुपूर्णिमा पर्व पर डोमन गुरु बाबा मंदिर षष्ठी माता मंदिर प्रांगण में समस्त स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में हवन पूजन और महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

चौरसिया समाज छिंदवाड़ा अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया ने बताया कि महिला चौरसिया समिति सहित नगर चौरसिया समाज छिंदवाड़ा के द्वारा लगातार कई वर्षो से चौरसिया समाज द्वारा गुरुपूर्णिमा पर्व पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिसमें रामायण पाठ चालीसा पाठ के साथ हवन पूजन और भजन कार्यक्रम किया जाएगा।



परासिया रोड डोमन गुरू बाबा मंदिर षष्टी माता मंदिर में गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में प्रातः 10.30 बजे सुबह हवन पूजन एवं दोपहर12.30 से विशाल भंडारे का आयोजन समाज द्वारा किया गया है। श्री धर्मेंद्र ने समस्त चौरसिया समाज के सामाजिक बन्धु एबम श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि इस पावन पुनीत कार्य मे सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करे।

## श्रीमती पूर्णिमा ताराचंद उरकुड़े का दुःखद निधन

**लांजी।** दिव्यांग जन कल्याण संघ सदस्या और दिव्य ज्योति पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती पूर्णिमा ताराचंद जी उरकुडे सेवा निवृत्त नर्स का 09 जुलाई को निधन हो गया, वे 97 वर्ष की थी। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में धार्मिक रीति रिवाजों के साथ किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए दिव्यांगजन कल्याण संघ तन्मय मिश्रा ने बताया की पूर्णिमा जी ने दिव्यांगजनों एवं अन्य सामाजिक क्षेत्र में कल्याण और उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उनका कार्य, उनकी निष्ठा और उनका अदम्य उत्साह हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है। उन्हें दिव्य ज्योति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना उनके असाधारण योगदान का प्रमाण था। उनके जाने से दिव्यांग जन कल्याण संघ और पूरे समाज को एक अपूरणीय क्षति हुई है।



ग्रापं. पालडोंगरी का मामला, सभामंच भी अवैध कब्जा

## गांव की नालियां चोक, रोड पर बह रहा बारिश पानी

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सरकार के लाख प्रयास के बावजूद गावों में सफाई व्यवस्था बदहाली से उबरने का नाम नहीं ले पा रही है। कागजों में तो गांव-गांव सफाई कर्मी तैनात हैं लेकिन हालात ज्यों के त्यों हैं। इससे जलभराव व कीचड़ के कारण जहां राहगीरों व ग्रामीणों को आवागमन की परेशानी होती है। वहीं संक्रामक रोगों के बढने की भी आशंका भी बनी रहती है। ग्राम पालडोंगरी में पंचायत द्वारा सफाई में लापरवाही बरती जा रही है। गांव की नालियां चोक हो गई हैं। इससे पानी सड़कों पर बह रहा है। देर तक पानी बहने के कारण आवाजाही में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश शुरू होते ही पंचायत की लापरवाही सामने आ गई है। नालियों से बारिश की पानी की निकासी नहीं हो रही है। गांव के मुख्य चौराहे पर पानी जमा हो गया है। नाली से निकली गंदगी बाहर जमा हो गई है। इससे बदबू का सामना करना पड़ रहा है।



**सभामंच पर भी कर लिया कब्जा:** ग्राम पंचायत पालडोंगरी के नागुटोला स्थित सभामंच में गांव के गामीण द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और आवास बनाकर निवास किया जा रहा है। वहीं इस ओर ग्राम पंचायत द्वारा भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे शासकीय संपत्ति निजी संपत्ति में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की सरपंच-सचिव को ग्राम में फैली अव्यवस्था और सभा मंच में कब्जे को लेकर कई मर्तबा शिकायत की जा चुकी है परंतु उनके द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था की ग्राम में विकास के नाम पर कोई भी कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं कराया जा रहा है जिसका परिणाम पहली ही बारिश में ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा ग्राम के सभी वार्डों में नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाती है। ग्रामीणों द्वारा लगाये जा रहे सभी आरोप निराधार हैं, साथ ही जिस व्यक्ति को सभामंच में आसरा दिया गया है उसका मकान पीएम आवास के तहत भवन निर्माण कार्य प्रारंभ है। इसलिये बारिश को देखते हुए कुछ दिनों के आश्रय दिया गया है।

**राजकुमार कावड़े, सचिव**
**ग्राम पंचायत पालडोंगरी**

पंचायत में लटका ताला कर्मचारी हुए परेशान

## धरती आबा शिविर में पंचायत की बड़ी लापरवाही

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बुधवार 09 जुलाई को जनपद पंचायत कटंगी के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत टेकाड़ी (म.) में धरती आबा शिविर का आयोजन होना पहले से तय था. बावजूद इसके आज ग्राम पंचायत भवन में ताला जड़ा रहा. जिस वजह से शिविर में शामिल होने आए अलग-अलग विभागों के शासकीय कर्मचारियों को काफी परेशान होना पड़ा और वह पंचायत के बाहर पंचायत के खुलने का इंतजार करते रहे लेकिन तय समय पर पंचायत नहीं खुली. शिविर में शामिल होने पहुंचे शासकीय कर्मचारियों ने पंचायत के सरपंच ओम प्रकाश उइके, रोजगार सहायक गौतम कुमार शिंदे और भृत्य शिव प्रसाद राउत से कई बार फोन पर संपर्क किया लेकिन इसके बावजूद पंचायत नहीं खुली. सरपंच ने कर्मचारियों को बताया कि उनके किसी रिश्तेदार की तबीयत खराब है. जिसका वह उपचार करवाने के लिए लेकर गए है. रोजगार सहायक ने बीएलओ की बैठक होने का हवाला दिया और भृत्य घर पर नहीं थे. जिसके बाद यह पूरा मामला जनपद के अधिकारियों तक पहुंचा. शिकायत मिलने पर दोपहर 01 बजे पीसीओ वेंकटराव बेले ग्राम पंचायत पहुंचे. उन्होंने भी पंचायत सरपंच, रोजगार सहायक और भृत्य से संपर्क करने की कोशिश की किंतु उनका दूरभाष पर किसी से भी संपर्क नहीं हो पाया. ऐसे में उन्होंने पंचायत भवन का ताला तोड़ने की भी कोशिश की ताकि पंचायत में शिविर आयोजित किया जा सकें. लेकिन ताला नहीं टूटने पर पंचायत के समीप के स्कूल में ही शिविर का आयोजन करवाया गया. करीब 03 घंटे तक शासकीय कर्मचारियों को पंचायत भवन के बाहर खड़े रहकर परेशान होना पड़ा और हितग्राहियों को भी इसमें दिक्कतें हुई. पीसीओ ने स्थल पंचनामा बनाकर अग्रिम कार्रवाई करने की बात कही है।



दोपहर 03 बजे सरपंच ओम प्रकाश उइके ने दूरभाष पर चर्चा करते हुए बताया कि उनकी मौसी की तबीयत गंभीर रूप से बीमार है. भृत्य को तीन माह से वेतन नहीं मिल पाया है जिस कारण वह पंचायत नहीं आ रहा और रोजगार सहायक के पास पंचायत भवन की एक अतिरिक्त चाबी है. रोजगार सहायक भी पंचायत से आए दिन गायब रहता है. जिस कारण ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. ग्रामीणों ने भी रोजगार सहायक की शिकायत करते हुए कहा कि वह आए दिन पंचायत से नदारद रहते है. ग्राम पंचायत सचिव देवदास गड़पाल गंभीर बीमारी से अस्वस्थ है और उन्होंने पंचायत के कामकाज करने में पहले से ही असमर्थता जाहिर करते हुए नौकरी से वीआरएस लेने की पूरी तैयारी कर ली है. बताया जाता है कि पंचायत सचिव के इस फैसले से उनका परिवार समर्थ नहीं है. पंचायत सचिव अपने स्वास्थ्य कारणों से पंचायत नहीं आ रहे है. जिसकी जानकारी जनपद पंचायत के अधिकारियों को भी है किंतु वह भी आवश्यक कार्रवाई नहीं कर रहे है. जिसका खामियाजा गांव की जनता को भुगतना पड़ रहा है. ग्रामीणों को पंचायत सचिव की स्थिति के बारे में पता होने के कारण वह पंचायत सचिव से कोई संपर्क नहीं करते और रोजगार सहायक भी पंचायत में अकसर गैर मौजूद होते है जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और समय पर उनके काम नहीं हो रहे है।

लटक रहे तारों से आमजन को बना खतरा, घटनाओं के बाद भी नहीं किया जा रहा सुधार

## ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत तारों का नहीं किया जा रहा मेंटेनेंस, जर्जर तारों से हो रहीं घटनाएं

हरिभूमि न्यूज लांजी।



ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था गड़बड़ाने से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर लटक रहे जर्जर बिजली के तारों से घटनाओं का डर बना रहता है और आए दिन तारों के टूटकर गिरने की शिकायतें आ रही हैं। जिससे कई घटनाएं हुई हैं। इसके बाद भी कंपनी की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बिजली कंपनी की ओर से हर वर्ष बिजली के तारों को मैंटनेंस करने के लिए निर्देश और खराब तारों को बदलने के लिए सामग्री दी जाती है। लेकिन इसके बाद भी कंपनी की ओर से इसको लेकर कार्य नहीं किए जा रहे हैं। बिजली के तारों का मेंटेनेंस नहीं होने के कारण खेतों, सड़कों और घरों के पास हवा में झूल रहे तार लोगों के लिए खतरा बन रहे हैं। ऐसे में विद्युत सप्लाई भी सूचारू नहीं मिल पा रही है और आए दिन तारों के टूटने से घंटों तक बिजली सप्लाई बंद रहती है। कारंजा फीडर अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में यह स्थिति देखने को मिल रही है जहां खेतों में महज 3 से 4 फिट की ऊंचाई पर विद्युत तार झूल रहे हैं, तथा विद्युत पोल भी काफी हद तक झुक चुके हैं।

**मेटनेंस के नाम पर कागजी कार्रवाई:** कारंजा फीडर अंतर्गत ग्राम बोथली, मिरिया के ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कंपनी के कर्मचारियों द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर कागजी कार्रवाई की जा रही है। हकीकत में मेंटेनेंस नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बडी परेशानी उठानी पड़ रही है। मेंटेनेंस नहीं होने से टूटकर गिरी लाइनों व लटक रहे तारों की चपेट में आने से कई लोगों की मौत हुई है। साथ ही कई जानवरों की भी मौत हो गई। वहीं ट्रांसफार्मरों के पास तारों का मकडज़ाल भी घटनाओं का कारण बन रहा है। ग्राम बोथली में विद्युत विभाग की लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की पूरे ग्राम में अनेकों जगह खेतों में विद्युत तार झूल रहे हैं, पोल झुके हुए है तो कहीं पेड़ टूटकर विद्युत तारों पर झूल रहे है जिन्हें विभागीय कर्मचारी देख भी नहीं पा रहे है।

**हादसों से भी नहीं ले रहे सबक:** विद्युत कंपनी इन झूलते जर्जर तारों में जगह-जगह लकड़ी बांध कर करंट दौड़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जर्जर तारों में दौड़ता करंट कब किस ग्रामीण में दौड़ जाए यह कहा नहीं जा सकता। परिणाम स्वरूप ग्रामों में झूलते तार हादसों को बुलावा दे रहे हैं। विदित हो की बीते दिनों ही लांजी क्षेत्र के वनांचल ग्राम सर्रा में विद्युत तार की चपेट मे आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी जिसमें लाईनमेन की लापरवाही सामने आई। वहीं विगत वर्ष भी ग्राम खुर्शीटोला में एक महिला की खेत में विद्युत लाईन की चपेट में आने से मौत हो गई थी परंतु विभाग द्वारा लगातार हादसों के बाद भी सबक नहीं लिया जा रहा है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया हैं, परंतु कर्मचारियों द्वारा लगातार सुधार कार्य की अपडेट हमें दूरभाष और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दी जाती है। परंतु ऐसी कोई बात है तो हमारे द्वारा सुधार कार्य किया जाएगा।

**विश्वजीत शर्मा, जेई**
**कारंजा फीडर, लांजी**

## अस्पताल प्रबंधन का नहीं हैं ध्यान: निजी बसों का पार्किंग स्थल बना शासकीय सिविल अस्पताल





हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पिछले कुछ दिनों से शासकीय संस्थान निजी वाहनों के पार्किंग स्थल बनते जा रहे हैं। लेकिन इन शासकीय संस्थानों के अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नजर नहीं आ रहा हैं। जिससे निजी वाहन मालिक लगातार इन शासकीय संस्थान के परिसर में अपने वाहनों को खड़ा कर रहे है।

ऐसा ही एक मामला सिविल अस्पताल वारासिवनी का सामने आया हैं। सिविल अस्पताल वारासिवनी के परिसर में पिछले कुछ दिनों से एक स्कूल बस और एक निजी वाहन को खड़ा देखा जा रहा हैं। इन दोनों निजी बस वाहन के मालिकों ने सिविल अस्पताल के परिसर को पार्किंग बना कर रख दिया हैं। इन दोनों निजी बसों के सिविल अस्पताल परिसर में खड़े रहने पर अभी तक अस्पताल प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की आपत्ति नहीं उठाई गई हैं। जिससे ऐसा लगता हैं कि अस्पताल प्रबंधन को इन बसों के खड़े होने पर किसी प्रकार का ऐतराज नहीं हैं या फिर यह दोनों बसें अस्पताल प्रबंधन के सहयोग से ही अस्पताल परिसर में खड़ी की जा रही हैं।

इन बसों के अस्पताल परिसर में खड़े रहने पर नागरिकों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की चर्चायें की जा रही हैं। नागरिकों का कहना हैं कि बिना अस्पताल प्रबंधन के कोई भी व्यक्ति अपने वाहनों को इस प्रकार अस्पताल परिसर के अंदर खड़ा नहीं कर सकता हैं। नागरिकों ने शासकीय अस्पताल को पार्किंग स्थल बनाने पर आपत्ति लेते हुए अतिशीघ्र बस मालिकों पर कार्यवाही करने की मॉग की हैं। जिससे भविष्य में किसी भी व्यक्ति द्वारा अनावश्यक रुप से शासकीय सिविल अस्पताल को अपने वाहन का पार्किंग स्थल ना बनाया जा सके।

**खबर संक्षेप**

## प्राथमिक शिक्षक श्री दिनेश पटेल निलंबित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने शासकीय प्राथमिक शाला छींदा के प्राथमिक शिक्षक श्री दिनेश पटेल को बिना विभागीय अनुमति प्राप्त किये वाहन क्रय किये जाने, बडी राशि का नगद लेन-देन किये जाने, आयकर विवरणी में तथ्यों को छुपाने जैसी अनियमितताओं को लेकर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी नियत किया गया है।

## सिवनी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 11 की आज होगी मतगणना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगरीय निकायों के उपनिर्वाचन कार्यक्रम अंतर्गत गुरूवार 10 जुलाई को पॉलिटेक्निक कॉलेज के ट्रायसेम कक्ष में अस्थायी स्ट्रांग रूम से नगरपालिका सिवनी के वार्ड क्रमांक-11 में हुए मतदान की ईव्हीएम को मतगणना के लिए मतगणना कक्ष में भेजने के लिए प्रातः 08:30 बजे खोला जायेगा। मतगणना सुबह 09 बजे प्रारंभ होगी। इस अवसर पर संबंधित अभ्यर्थियों एवं पार्टी प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## बूथ लेवल अधिकारियों को दिया जा प्रशिक्षण

**सिवनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करने सहित नामावली में नाम जोड़ने, हटाने एवं त्रुटि सुधार इत्यादि कार्यों व निर्धारित फॉर्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। मास्टर टेनर्स द्वारा बीएलओ को प्रशिक्षण का सामान्य परिचय देकर सभी दायित्वों के बारे में आयोग द्वारा प्रदत्त पीपीटी के जरिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

# भारत बंद के चलते सिवनी में हड़ताल का दिखा असर, बैंकों में करोड़ों का लेनदेन ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।






अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारी आज बुधवार को हड़ताल पर हैं। जिसका असर सिवनी में भी देखने को मिला उपभोक्ता जब बैंकिंग कार्य के लिए वे सरकारी बैंक पहुंचे तो यहां हड़ताल के चलते उनका कोई काम नहीं हुआ बैंकों में लेनदेन तक रहा वहीं अन्य विभाग के कर्मचारी भी अपनी विभिन्न मांगों के लेकर हड़ताल पर रहे जिसका खासा असर सिवनी जिले के नागरिकों में देखना पड़ा।

बुधवार को उपभोक्ता नगर के बैंक आफ इंडिया, , केनरा बैंक सहित अनेक सरकारी बैंकों में पहुंचे तो उपभोक्ताओं के आज कोई काम नहीं हुए। बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में, सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं प्रभावित हुई। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों के देशभर में 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल रहे।

ट्रेड यूनियंस निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं।

पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी है। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है।

**सरकार की नीतियों पर सवाल**

भारत बंद कर रहे संगठनों ने पिछले साल श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को 17-सूत्रीय मांगों का एक चार्टर सौंपा था। इनका कहना है कि सरकार पिछले 10 वर्षों से वार्षिक श्रम सम्मेलन का आयोजन नहीं कर रही है। यह मजदूरों-कर्मचारियों के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है। मजदूर संगठनों के मंच ने यह आरोप भी लगाया कि आर्थिक नीतियों के कारण बेरोजगारी बढ रही है, जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, मजदूरी में गिरावट आ रही है और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी नागरिक सुविधाओं में सामाजिक क्षेत्र के खर्च में कटौती हो रही है। एनएमडीसी लिमिटेड और अन्य गैर-कोयला खनिज, इस्पात, राज्य सरकार के विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के श्रमिक नेताओं ने भी हडताल में शामिल होने का नोटिस दिया था। श्रमिक नेताओं ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और कृषि श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे ने भी इस हड़ताल को समर्थन दिया है और ग्रामीण भारत में बड़े पैमाने पर लामबंदी करने का फैसला किया है। श्रमिक संगठनों ने इसके पहले 26 नवंबर, 2020, 28-29 मार्च, 2022 और पिछले साल 16 फरवरी को भी इसी तरह की देशव्यापी हड़ताल की थी।

## खैरमाई में पूजा अर्चना कर घंसौर से श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ रवाना



**घंसौर।** इन दिनों बफार्नी बाबा एवं पवित्र गुफा के दर्शन कर पुन्य लाभ अर्जित करने के लिए एक के बाद एक तीर्थ यात्रियों का जत्था अमरनाथ रवाना होने की खबर मिल रही है । इसी कड़ी में विगत दिवस को घंसौर से 25 भक्तों का जत्था भगवान भोलेनाथ और पवित्र गुफा के दर्शन करने हेतू रेल मार्ग के माध्यम से अमरनाथ की ओर रवाना हुए। इसके पूर्व सुबह भक्तों ने स्थानीय खैरमाई दरबार में पुरोहित के मंत्रोच्चारण के बीच सत्य नारायण भगवान की विधिवत पूजा अर्चना कर कथा का श्रवण किया और निर्विघ्न यात्रा की अर्जी लगाई तथा हर हर महादेव के जयकारे के साथ यात्रा प्रारंभ की। बताया गया कि जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर एक हिंदू तीर्थ का मुख्य धाम है जो प्रत्येक वर्ष जून माह के अंतिम सप्ताह में यात्रा प्रारंभ होती है । श्रीनगर से 141 किमी दूर इस गुफा तक दो मार्गों से पहुंचा जा सकता है जिसमें एक बालटाल और दूसरा पहलगाम के माध्यम से। अमरनाथ गुफा को हिंदुओं के सबसे पवित्र गुफा में से एक माना जाता है और इस गुफा का अधिकांश भाग साल भर बर्फ से ढका रहता है। जानकारी के मुताबिक गर्मी के मौसम में गुफा को बहुत कम समय के लिए खोला जाता है। भक्तों को 40 मीटर ऊंची इस गुफानुमा मंदिर तक पहुंचने के लिए लगभग 35 से 48 किमी की पैदल यात्रा करनी पड़ती हैं। या हेलीकाप्टर से भी पहुंचा जा सकता है। इस गुफा में गिरते पानी की बूंदों से शिवलिंग बनता है। अमरनाथ मंदिर की गुफा 12,756 फीट की ऊंचाई पर स्थित है ।

# गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का सम्मान करें

## चातुर्मास स्थापना की मांगलिक क्रियाएँ सम्पन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पू'य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पू'य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पू'य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पू'य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 9 जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में चातुर्मास स्थापना की मांगलिक क्रियाएँ सम्पन्न हुई जिसके अंतर्गत भक्ति पाठ,आचार्य श्री की पूजन की गई।

मुनि संघ का पाद प्रक्षालन किया गया ,आरती उतारी गई , मांगलिक क्रियाए की गई शास्त्र अर्पण किए गए। मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज ने प्रथम बार चातुर्मास के अवसर पर 26 वर्ष बाद प्रवचन दिए परम पू'य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज ने कहा कि चातुर्मास के संकल्प के साथ भक्ति पाठ कर लिया है,परम पू'य मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि चातुर्मास में उत्साह के साथ कार्य करना है,गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का सम्मान करें।

### मां अन्नपूर्णा मंदिर, नारायण आश्रम, बम्होड़ी पिठेरा में आज मनाया जाएगा गुरुपूर्णिमा महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। आज** 10 जुलाई को मां अन्नपूर्णा मंदिर, नारायण आश्रम, बम्होड़ी पिठेरा में पूज्य गुरुदेव अनन्त श्री विभूषित काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य पूज्य स्वामी श्री नारायणानन्द तीर्थ जी महाराज के सानिध्य में गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। उकताशय की जानकारी देते हुए गुरु भक्त रमाकांत राजू राय ने बताया कि 10 जुलाई 2025 से चातुर्मास्य व्रतारम्भ से 7 सितम्बर 2025 तक आयोजित है। श्री राय ने बताया कि इस अवसर पर प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक प्रवचन होंगे। वहीं चातुर्मास्य अवधि में श्री शिवमहापुराण, श्रीमद्भागवत महापुराण आदि आयोजन होंगे । रमाकांत राय ने सभी गुरुभक्त से आग्रह किया है कि वह यजमान बनने गुरूजी से सम्पर्क कर सकते हैं। रमाकांत राय ने सभी गुरु भक्तों से आग्रह किया है कि 10 जुलाई 2025 को मां अन्नपूर्णा मंदिर, नारायण आश्रम, बम्होड़ी पिठेरा, वि.ख. लखनादौन जिला सिवनी में आयोजित गुरुपूर्णिमा महोत्सव में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करे।

# शातिर चोर कोतवाली पुलिस की गिरफ़्त में

## कुँआ, बोरवेल की लीड़ एवं कनेक्शन तार की करता था चोरी, मसरुका सहित 1 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी के अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं।

जो इसी क्रम में चोरी की एक घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 08/07/2025 को प्रार्थी राहुल बघेल पिता छोटेलाल बघेल निवासी ग्राम लूधरवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम सिमरिया हार स्थित बोरबेल की लीड़ को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया है कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था।

उक्त घटना का घटित करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फुटेज में आये संदिग्ध अहीफ खान निवासी ग्राम गनझर से पूछताछ की गई जिसने चोरी की घटना घटित स्वीकार किया तथा चोरी हुई लीड़ विधिवत जप्त की जाकर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। **जप्तीः-** 60 फीट बोर की लीड़, जली तांबे के तार 06 किलो एवं 90 फीट कनेक्शन तार कुल कीमती 10700/- रुपये गिरफ्तार आरोपीः- अहीफ खान पिता रफीक खान उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम नगझर थाना कोतवाली जिला सिवनी सराहनीय कार्यः- थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री किशोर वामनकर, सउनि दिनेश रघुवंशी, आर. अमित रघुवंशी, प्रतीक बघेल, अंकित देशमुख, सिध्दार्थ दुबे, सतीश इनवाती, रत्नेश कुशवाहा, प्रशांत गजभिये इरफान खान की विशेष भूमिका रहीं हैं।

# अवैध रेत उत्खनन करते दो डंपर पकड़ाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।


कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम खैरघाट से अवैध रूप से रेत उत्खनन करते खनिज विभाग के प्रभारी निरक्षक ने 4 जुलाई शुक्रवार की रात्रि में पकड़े एवं कुरई पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा किया। प्रशासन के निर्देश को ठेंगा दिखाते हुए रेत माफियाओं के द्वारा लगातार खनिज विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। जिले में रेत माफियाओं के द्वारा बदसूरत अवैध रेत उत्खनन कर महगे दामों में बेचा जा रहा है। वहीं विभाग के द्वारा जानकारी देने में आनाकानी की जाती है। लगातार कुरई पीपरवानी से नागपुर सहित कुरई में रेत भंडारण देखी जा सकती है। जिससे संबंधित विभाग सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 29&8 राजेश पाने, वाहन क्रमांक एमएच 40 सीटी 6718 राहुल स्वामी नागपुर के द्वारा अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा था।

# जन्म मृत्यु पंजीयन नगर पालिका में महीनों से पड़े लंबित

**बच्चो के पालक गण नगरपालिका के चक्कर लगाकर परेशान**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगरपालिका परिषद सिवनी में जन्म मृत्यु पंजीयन को लेकर नगर की जनता परेशान है शहीद वार्ड पार्षद जोएब जकी अनवर ने प्रेस को जारी जानकारी में बताया कि लगभग 2 हजार जन्म मृत्यु पंजीयन नगरपालिका में महीनों से लंबित है और इसी तरह नाम सुधारने एवं डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र बनाने के भी अनेक प्रकरण लंबित है कही पोर्टल काम नहीं करता, कभी नेट बंद हो जाता है।

शाला में प्रवेश का समय है ब'चों के पालक गण नगरपालिका के चक्कर लगाकर परेशान है गांव के लोगो को तो बार बार नगरपालिका आना पड़ता है जिससे वह अधिक परेशान हो रहें है मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा एक आदेश और जारी कर दिया गया है कि जन्म मृत्यु पंजीयन के आवेदन पर नोट सीट चलाया जाए,



उक्त नोट सीट 2-& बाबूओं की टेबिल से गुजरेगी, जिसके कारण प्रमाण पत्र बनाने में और अधिक समय लगेगा, नगरपालिका को इस तरह के काम सरल करना चाहिए जिससे कि लोगो के काम सरलता से हो जाए, पूर्व में नोटसीट नही चलाई जाती थी। जोएब जकी अनवर ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि नगरपालिका के कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया सिवनी के लोगो को उसी तरह परेशान हाल देखना चाहते है जिस तरह उन्होंने निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान को परेशान किया। केन्द्र से लेकर रा'य तक सांसद से लेकर विधायक तक परिषद में बहुमत भाजपा का उसके बाद भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुछ ऐसे फरमान जारी करते है जो नगर की जनता के लिए परेशानी का करण बनते है और यह सब आदेश ज्ञानचंद सनोडिया मूक दर्शक बन देखते रहते है उन्हें नगर की जनता की परेशानी से कोई लेना देना नही है उन्हें हर दम यह चिंता लगी रहती है कि सिवनी नगरपालिका में बडे भुगतान कब होगे। ज्ञानचंद सनोडिया के कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नगर के लोगो की परेशानी और अधिक बड गई है नगरपालिका में कोई भी काम सरलता से नहीं हो पा रहें है।

# हरिदर्शन नगर की नालियाँ बंद, पानी भराव से रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विकासखंड सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरदई के अंतर्गत आने वाले हरिदर्शन नगर, नागपुर रोड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और नालियों की समय पर सफाई नहीं होने के कारण रहवासी गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। जल निकासी व्यवस्था चरमराने के चलते घरों और सडक़ों पर पानी भर गया है, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

स्थानीय निवासी गिरीश टांग ने ग्राम पंचायत के सरपंच को आवेदन देकर नालियों की तत्काल सफाई की मांग की थी। बावजूद इसके, 8 जुलाई तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे नागरिकों में गहरा आक्रोश है। रहवासियों का कहना है कि जलभराव की स्थिति न केवल आवाजाही में बाधा बन रही है, बल्कि डेंगू, मलेरिया और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराई जाए एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

# दो आदतन अपराधी को प्रति सोमवार थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थिति देने के आदेश जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने आदतन अपराधी अतुल जैन पिता अकलेश जैन उम्र &4 वर्ष निवासी ग्राम धनौरा की आपराधिक गतिविधी रीति के कार्य करने से रोकने एवं जनसाधरण के हित में अनावेदक को एक वर्ष तक प्रत्येक सोमवार को थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थिति देने के आदेश जारी किये हैं साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 202& की धारा 126 के तहत आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए परिशांति एवं लोक शांति कायम रखने के लिए दो लाख रूपये का अंतिम बंधपत्र निष्पादित किये जाने के आदेश जारी किये हैं। अनावेदक द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर अथवा अधिनियम में विनिर्दिष्ट किसी भी प्रकार का अपराध दर्ज करने की स्थिति में 1990 की धारा 14 और बंधपत्र उल्लंघन के तहत कार्यवाही की जायेगी।


### आदतन अपराधी अवधेश जैन को प्रति सोमवार थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थिति देने के आदेश जारी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने आदतन अपराधी अवधेश जैन पिता अकलेश जैन उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम धनौरा की आपराधिक गतिविधी रीति के कार्य करने से रोकने एवं जनसाधरण के हित में अनावेदक को एक वर्ष तक प्रत्येक सोमवार को थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थिति देने के आदेश जारी किये हैं साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 202& की धारा 126 के तहत आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए परिशांति एवं लोक शांति कायम रखने के लिए दो लाख रूपये का अंतिम बंधपत्र निष्पादित किये जाने के आदेश जारी किये हैं। अनावेदक द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर अथवा अधिनियम में विनिर्दिष्ट किसी भी प्रकार का अपराध दर्ज करने की स्थिति में 1990 की धारा 14 और बंधपत्र उल्लंघन के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# लबालब भरा भीमगढ़ बाँध, दो गेट खोलकर बैनगंगा नदी में छोड़ा जा रहा पानी

**जिले में लगातार हो रही वर्षा के कारण बैनगंगा नदी इस समय उफान पर है जिस कारण मंगलवार को भीमगढ़ डैम के दो गेट खोले गए। कार्यपालन यंत्री पी एन नाग द्वारा बताया गया कि भीमगढ़ का दिनांक 8 जुलाई 25 को जल स्तर 515.75 मीटर तक पहुंच गया है।**

जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए बांध के अतिरिक्त जल को दोपहर 12:00 बजे गेट क्रमांक 5 एवं 6 को खोलकर 8692 घन मीटर प्रति सेकंड की दर से बैनगंगा नदी में प्रवाहित किया जायेगा। जिससे नदी का जलस्तर बढ़ाने की संभावना है। जिला प्रशासन द्वारा जनमानस से अपील की गई है कि वह नदी के घाटों- किनारो से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।



### जिले में 522.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

*सिवनी। भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 09 जुलाई 25 तक 522.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 09 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 473.4 मि.मी, कुरई में 257.0 मि.मी., बरघाट में 310.7 मि.मी., केवलारी में 634.6 मि. मी., छपारा 597.2 मि.मी, लखनादौन में 500.8 मिमी, धनौरा में 564.4 मिमी एवं घंसौर में 845.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 4183.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 09 जुलाई 2024 तक कुल 2569.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।*

# ई-अटेंडेंस व्यवस्था सभी विभाग के लिये लागू की जावे या फिर शिक्षकों को भी इससे मुक्त रखा जावे- शिक्षक संघ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शिक्षक संघ ने 8 जुलाई को मध्य प्रदेश के समस्त जिला स्तर पर ई अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों में एक साथ लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा हैं! रा'य शिक्षक संघ के जिला सचिव राकेश दुबे ने बताया की ई अटेंडेंस जैसी व्यवस्था थोप कर सरकार बार बार शिक्षकों को अपमानित कर रही हैं! रा'य शिक्षक संघ ने मांग की ज़ब तक सभी विभागों में ई अटेंडेंस लागु नहीं होती तब तक इससे शिक्षा विभाग में भी ना लागु किया जाये! एक तरफ नित नये नए प्रयोग करके शिक्षकों को विभिन्न कामो में लगाया जाता हैं! रा'य शिक्षक संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से आग्रह किया है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखा जावे एवं जब तक अन्य विभागों में ई अटेंडेंस योजना प्रारंभ नहीं हो सकती तब तक शिक्षा विभाग में इसे स्थगित किया जाए। जिला मुख्यलाय में तहसील दार दीक्षा पटले को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया! ज्ञापन सोपने वालों में गजेंद्र बघेल,परशराम देशमुख,चिंतामन सनोडिया बृजमोहन सनोडिया,राकेश दुबे,सुनील तिवारी,झाम सिंह सिंगोटिया,रामकृष्ण दुबे,मुकेश नेमा, डीके सनोडिया, विकास चौरे, अमित राय समसुन्न निशा खान, डिलेश्वरि रहाँग ढाले,कला मथनकर, आशा लता पटले,निशा राणा, पारुल दुबे,शिल्पा साहू और सैकड़ो शिक्षक की उपस्थिति रही।



कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एस.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-ड इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी
सभी प्रकार की जांच सुविधा)
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

## विधायक के आरोपों से बौखलाये पार्षदों ने की पत्रकार वार्ता

# अव्यवस्था के लिए विधायक को ही ठहराया जिम्मेदार



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

तीन दिनों तक हुई लगातार बारिश से नगर के विभिन्न वार्डो में उत्पन्न हुई जल भराव की समस्या से नागरिकों को हुई परेशानी, उसके निराकरण व निरीक्षण को लेकर नगरपालिका परिषद के पदाधिकारियों व विधायक के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया हैं।

रविवार से लगातार हो रही बारिश के बाद नगर के अनेंक हिस्सों में पानी भर जाने से नागरिकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। स्थिति इतनी विकट बनी कि लालबर्रा मार्ग, वार्ड नम्बर 3, 4, 5, 7, 9, 14 सहित अन्य वार्डो में पानी भरने से नागरिकों में हाहाकार मच गया। अनेंक नागरिकों के घरों में बरसात का पानी घुस गया और कई के घरों में रखा हुआ सामान पानी घुसने से खराब हो गया। इन हिस्सों में पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने और अवैध कालोनियों की बाढ़ के कारण यह विषम स्थिति निर्मित हुई थी।

### जल भराव को लेकर आमन-सामने हुई परिषद व विधायक

जल भराव की भीषण समस्या को देखते हुए एक ओर सुबह से नगरपालिका का अमला पार्षदों के साथ उनके वार्डो में जल भराव की समस्या को समाप्त करने का प्रयास कर रहा था, वहीं दूसरी ओर विधायक विवेक विक्की पटेल ने भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए नगर के जल भराव ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ित नागरिकों से मिलकर उनकी पीड़ा को महसूस करने का प्रयास किया। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने नगरपालिका पर समय के पूर्व व्यवस्था नहीं बनाने का आरोप लगाया था।

### विधायक पटेल के आरोपों से आक्रोशित पार्षदों ने विधायक पर लगाए आरोप

जिसको लेकर आक्रोशित नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षदगणों ने एक प्रेस वार्ता कर विधायक विवेक पटेल पर आरोपों की बौछार कर दी। अध्यक्ष व पार्षदों का कहना था कि विधायक द्वारा सिर्फ फोटो खिंचवाने व झूठी वाहवाही लूटने के लिए निरीक्षण का दिखावा किया गया था। अनेंक समस्यायें तो उनके अध्यक्षीय कार्यकाल की हैं। जिसे उन्हें अपने कार्यकाल में हल करना चाहिए था। लेकिन उस समय उन्होंने उस पर ध्यान नहीं दिया और आज नगरपालिका पर आरोप लगा रहे हैं। नगरपालिका का अमला सुबह से ही नगर के जल भराव के क्षेत्र की समस्याओं को हल करवाने के लिए सीएमओ, उपयंत्री, कर्मचारियों व पार्षदों के साथ लगा हुआ था। लेकिन विधायक सिर्फ कुछ स्थानों पर जाकर फोटो सेशन करवा कर नगरपालिका को दोष दे रहे है।

### विधायक फोटो ना खिंचवा कर जमीन पर करे कार्य-संदीप मिश्रा

पत्रकार वार्ता के दौरान पार्षद संदीप मिश्रा ने कहा कि लगातार दो-तीन दिनों से प्रदेश सहित जिले में बारिश का कहर जारी हैं। जिसके चलते वारासिवनी नगर के कुछ वार्डो में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। वारासिवनी नगरपालिका द्वारा पूर्व में भी और वर्तमान में भी नालियों की सफाई कराई गई थी। परंतु तेज बारिश की वजह से कुछ वार्डो में यह स्थिति बनी। मगर वारासिवनी विधायक विवेक पटेल सिर्फ फोटो सेशन के लिए निरीक्षण करने के लिए गए हुए थे। मगर उन्होंने किसी की भी कोई मदद नहीं की। उन्होंने वारासिवनी नगरपालिका के ऊपर आरोप लगा दिया कि वारासिवनी नगरपालिका में भ्रष्टाचार हुआ है और विकास की पोल खुल गई। हम विधायक जी से पूछना चाहते हैं कि आपका भी कर्तव्य बनता हैं कि आप अपना काम करें और हम अपना काम कर रहे थे। हम फोटो सेशन के लिए नहीं गए थे। हम विधायक जी को तब मानते, जब वह स्वयं के व्यय पर जेसीबी के माध्यम से नगर की समस्या का निराकरण करते। बारिश के पूर्व नगरपालिका में अधिकारी के साथ बैठक कर बारिश से निपटने के लिए इंतेजाम करते। नगरपालिका अध्यक्ष अपने कर्तव्य का पूर्ण रूप से पालन कर रही हैं। मगर विधायक द्वारा गलत आरोप लगाया जा रहा हैं। हां कुछ नगरपालिका की कमियां जरूर हैं, कुछ वार्ड में नाली का निर्माण नहीं हुआ हैं, वह भी बहुत जल्दी हो जाएगा। मैं खुद लोक निर्माण विभाग का सभापति हूं, मगर मेरे वार्ड में एक भी विकास के काम नहीं हुए हैं।

### अवैध कालोनियों पर की जायेगी कार्यवाही-प्रवीण डोंगरे

वहीं पार्षद प्रवीण डोंगरे ने कहा कि जैसे ही नए सीएमओ नगरपालिका में आये थे। सबसे पहले उनके द्वारा सभी वार्ड का निरीक्षण किया गया था और बारिश के पूर्व पूरी तैयारी कर ली गई थी। हमारी परिषद के द्वारा सभी कर्मचारियों को बरसाती सहित सभी सामग्री उपलब्ध करा दिया गया था। बारिश के कारण कुछ परेशानी जरूर आई हैं, मगर बारिश के जल भराव को देखते हुए सात-सात जेसीबी की सहायता से काम चला नगरपालिका के कर्मचारी वार्ड में पहुँच कर काम किये हैं। जैसे-जैसे पानी भरने की समस्या आ रही थी, वहाँ तत्काल हमारे कर्मचारी निराकरण कर रहे थे। सभी पार्षद अपने-अपने वार्डो में तैनात थे। जिन कालोनाइजर द्वारा बिना अनुमति निर्माण किया जा रहा है, उन पर जरूर कार्यवाही की जायेगी।

### विधायक विवेक पटेल के नपा अध्यक्ष रहते नाले में हुआ अतिक्रमण-सरिता दांदरे

पत्रकारों के सवालों के जवाब में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने कहा कि बारिश के चलते कुछ वार्ड में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई थी, हमारे सभी पार्षद अपने-अपने वार्ड में काम कर रहे थे। मगर विधायक जी निरीक्षण के बहाने सिर्फ फोटो खिंचवाने गए थे। उनके द्वारा कोई भी काम नहीं किया गया, फोटो खिंचवाने से कुछ नहीं होता। विधायक निधि से वारासिवनी नगर पालिका को कुछ देना चाहिए था, जिससे नगर का विकास हो सके। विधायक जी जब नगरपालिका अध्यक्ष थे, तब उनके द्वारा समस्या का निराकरण नहीं हो पाया। अब हम पर आरोप लगा रहे हैं कि नगरपालिका कोई विकास नहीं कर रही हैं। हमारे ऊपर गलत आरोप लगा रहे हैं, हमारे सभी पार्षद द्वारा लगातार वार्ड में निरीक्षण किया गया था।

### नाले की जानकारी निकाल कर करवायेगे कार्यवाही-सुनील जायसवाल

इनके अलावा वार्ड नम्बर 5 के पूर्व पार्षद सुनील जायसवाल ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि वार्ड नम्बर 7 में नाले पर किए गए अतिक्रमण की पूरी जानकारी राजस्व विभाग के माध्यम से निकलवा कर उसका सीमांकन करवाया जायेगा और फिर उसे अतिक्रमणमुक्त करवाया जायेगा। जिससे भविष्य में वहॉ से पानी निकासी में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।

## बगदाद शरीफ व उमरा यात्रा के लिये रवाना

# वारसी अनुयायियों का जत्था करबला शरीफ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर स्थित लिंगा लोहारा पहाडी पर मौजूद सूफी संत हजरत वारिस पाक के आस्ताने से वारसी सिलसिले के अनुयायियों का एक विशेष धार्मिक जत्था गुरूवार को रवाना हुआ। आस्ताने के संचालक और सरपरस्त आजाद शाह वारसी की अगुवाई में यह जत्था गोंदिया रेल्वे स्टेशन से विदर्भ एक्सप्रेस के माध्यम से मुम्बई के लिये प्रस्थान कर चुका है। मुम्बई में अन्य वारसी मुरीदों के शामिल होने के बाद जत्था अंतर्राष्ट्रीय उडान से सबसे पहले करबला शरीफ इराक के लिये रवाना होगा। इस पाक यात्रा के दौरान मुरीद हजरत इमाम हुसैन के मजार एक अकदस पर हाजरी देगें और शहादत की याद में फातिहा पढेगें। करबला शरीफ के बाद ये जत्थ बगदाद शरीफ जाकर महान सूफी संत हजरत गौस-ए-अजाम दस्तगीर के मजार पर हाजरी देगें। वहां से यह जत्था मक्का मुकर्रम और मदीना मुनव्वरा जाएगा, जहां वह उमरा के अरकान अदा करेगें तथा हजरत पैगम्बर मोहम्मद के रोजे मुबारक पर सलाम पेश करेगें।

इस अवसर पर वारसियों ने उत्साह का माहौल देखा गया। रवाना होते समय समाज के लोगों ने दुआओं और नातो के साथ जत्थे को बिदा किया। आजाद शाह बारसी ने बताया कि यह यात्रा रूहानी तरक्की और उम्मत के लिये व मुल्क के लिये अमन और भाईचारे की दुआओं के साथ की जा रही है। जत्था उमरा अदा करने के बाद खैरियत से वतन वापसी करेगा।

## कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लाडली बहनों के खाते में राशि अंतरित करेंगे

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाडली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ 250 रूपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी।

# विधायक गौरव पारधी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

क टं गी - खै र लां जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी ने विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त ग्राम खैरी,भौरगढ़ सहित अन्य ग्रामों का दौरा किया और ग्रामीणों से उनकी समस्या को जाना इस दौरान विधायक पारधी ने ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि वे इस घड़ी में पीड़ित किसान और पीड़ित परिवारों के साथ हैं और वे शासन से हर संभव मदद दिलाने का प्रयास करेंगे I इस दौरान ग्राम भौरगढ़ में बाढ़ की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो चुके मकान देखे और पीड़ित परिवारों को शासन से मुआवज़ा राशि और यथासंभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कटोरी ज्ञानेश राहगडाले,दवेन्द्र बारेवार सरपंच भौरगढ, आकाश बारेवार अभिषेक सेलॉकर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# बालाघाट जिले को विशेष बाढ़ राहत पैकेज देने की विधायक भगत ने की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट-परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने बालाघाट जिले में लगातार हो रही भीषण वर्षा और इससे उपजे हालातों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर जिले के लिए विशेष बाढ़ राहत पैकेज की मांग की है, ताकि प्रभावित जनता को समय रहते राहत मिल सके।

विधायक भगत ने पत्र में उल्लेख किया है कि पिछले 13 दिनों से जिले में लगातार हो रही अनवरत बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले के अनेक गांवों, कस्बों और शहरों में मकान गिरने, पुल-पुलियों के क्षतिग्रस्त होने, सड़क मार्गों के पूरी तरह बाधित होने, और सबसे गंभीर रूप से किसानों की फसलें बर्बाद होने की सूचनाएं लगातार प्राप्त हो रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि बारिश से पैदा हुई आपदा से अब तक करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। ऐसे में राज्य सरकार को तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझते हुए विशेष राहत कार्य सुनिश्चित करने चाहिए। उन्होंने मांग की है कि जिला प्रशासन को निर्देशित कर प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर राहत राशि का वितरण, नए आवास की व्यवस्था, रास्तों की मरम्मत, फसल बीमा योजना के अंतर्गत त्वरित क्षतिपूर्ति, तथा अस्थायी शिविरों में प्रभावितों को भोजन, दवा और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

विधायक मधु भाऊ भगत ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि बालाघाट जैसे संवेदनशील जिले को आपदा की इस घड़ी में विशेष प्राथमिकता दी जाए और एक अलग विशेष बाढ़ राहत पैकेज घोषित किया जाए, ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके और सामान्य जीवन की बहाली संभव हो सके।

## बाढ़ से डूब गया था मोवाड पूलिया, दोपहर के बाद आवागमन हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर मोवाड और बपेरा के मध्य बना बावनथडी नदि पर बने अंतर्राज्यीय पुलिया लगातार दो दिन तक हुई बारिश से आयी बाढ़ से पुलिया डूब गया था जिससे आवागमन प्रभावित होकर मार्ग से आने जाने वाले वहान रूक गए थे। लेकिन 9 जुलाई बुधवार को करीब 12 बजे के बाद जलस्तर कम हुआ और पुलिया के ऊपर से राहगीरो व वाहनो का आवागमन शूरू हो गया है। जानकारी के अनुसार यह मार्ग अंतरराज्यीय मार्ग है जो वारासिवनी खैरलांजी होते हुए मोवाड से बपेरा तुमसर महाराष्ट्र को जोड़ता है । मोवाड और बपरे के मध्य बावनथडी नदि पर बना पुलिया दो राज्य की सीमा पर बना हुआ है । जिसकी ऊंचाई कम होने से अक्सर बारिश के दिनो में बाढ की चपेट में आ जाता है, जिससे आवागमन बाधित होता है। यह अंतरराज्यीय मार्ग है जो अत्यधिक व्यस्त रहता है। व्यापारिक दृष्टिकोण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में इस पुलिया का महत्वपूर्ण योगदान है। अक्सर लोगो का व्यापार और रोजगार के लिए दोनो राज्य में आना जाना लगा रहता है । बारिश के चलते पुलिया के ऊपर बाढ आ जाने से आवागमन प्रभावित हो गया था लेकिन बुधवार को दोपहर के बाद आवागमन शुरू हो गया।

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी का कार्यकर्ता, चिंतन प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

### सभी पदाधिकारी अनुशासन से निरंतर कार्य करेंगे तो संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति शीघ्रः डॉ.चरनदास ढेंगरे





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** समस्त महापुरूषों एवं तथागत बुद्ध एवं आधुनिक भारत के निर्माता बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य बाबा साहब द्वारा निर्मित भारतीय बौद्धो की राष्टीय धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया अर्थात भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा संस्था के 24 प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजनों द्वारा निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में बालाघाट जिले की लांजी तहसील मुख्यालय के बुद्ध घोष बुद्ध विहार में दिनांक 5 को अंधश्रद्धा निमूलन एवं 6 जुलाई को कार्यकर्ता/चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग के उपप्रमुख वरिष्ठ केन्द्रीय शिक्षक एम.डी.सरोदे गुरूजी चैत्यभूमि मुंबई के मुख्यातिथ्य एवं मुख्य प्रशिक्षक थे,वही प्रमुख अतिथि एवं प्रशिक्षक बी.एम.काम्बले गुरूजी राष्टीय सचिव एवं साउथ राज्यो के प्रभारी मुंबई, प्रमुख अतिथि एवं शिविर के उदघाटक संस्था के मध्यप्रदेश राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे केन्द्रीय शिक्षक (बालाघाट) शिविर की अध्यक्षता लांजी तहसील के अध्यक्ष प्रमोद भिमटे सर द्वारा की गई। विशेष अतिथि के रूप में हेमलता डोंगरे प्रदेश उपा,आर.के.कठाने प्रदेश सचिव, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्या.सचिव,जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे, उपा.खुशीयाल मेश्राम, प्रमिला चौहान जिला कोषाध्यक्ष, के.के.भालाधरे एवं धरम श्यामकुंवर जिला सचिव, एम.के.बौद्ध पूर्व जिला उपा. पी.डी.भालाधरे जिला संघठक आदि मंचासीन थे। सामूहिक त्रिशरण पंचशील ग्रहण करने एवं अतिथियों के स्वागत के पश्चात शिविर उदघाटक डा.ढेंगरे जी ने मोमबत्ती प्रज्जवलित कर शिविर का उदघाटन किया एवं अपने उदबोधन के माध्यम से बताया कि समता मुलक समाज निर्माण क्रम निरंतर जारी है,ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक महापुरूषों की विचारधारा पहुंचे। सभी पदाधिकारी निष्ठा एवं अनुसासन से निरंतर धम्म कार्य करेगें तो संस्था के उद्देश्यो की पूर्ति शीघ्र होगी।तहसील शाखा लांजी द्वारा 2 माह के अल्प समय में संस्था 1375 साधारण सदस्य बनाकर जिले में कीर्तिमान स्थापित किया।इसी तरह मुख्य अतिथि एवं मुख्य प्रशिक्षक सरोदे गुरूजी ने प्रथम दिन बाबा,बुआ,पाखंडी लोग समाज में डर बनाकर समाज के भोले भाले लोगो को भ्रमित कर उन्हे लुटने का कार्य करते है वह पेक्टीकल करके बताया,कार्यकर्ता चिंतन शिविर में कार्यकर्ताओं को उनकी आचार संहिता बताई, किस तरह समाज में जाकर धम्म कार्य करना है,उन्होने बताया कि सभी पदाधिकारी आंबेडकरी आंदोलन के तारक एवं धम्म के प्रचारक है। इसी तरह प्रमुख अतिथि कांबले जी ने भी संस्था के उद्देश्य के विषय पर प्रशिक्षण दिया व बताया कि विज्ञानवादी विचारो का समाज निर्माण एवं अंद्धश्रद्धा से मुक्त समाज बनाना संस्था का उद्देश्य है। इस शिविर के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भिमटे के द्वारा सभी को साधुवाद देकर संस्था के उद्देश्यो की पूर्ति हेतु अनुशासन से धम्म सस्था के माध्यम से धम्म कार्य करने हेतु सभी को आश्वस्त किया।


## रामाताई महिला बौद्ध संघ की याचना पर दी सहमति

# पंचशील बुद्ध विहार बूढ़ी बालाघाट में पू. भंते कुसलचित्त करेंगे वर्षावास

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** रामाताई महिला बौद्ध संघ बालाघाट द्वारा संचालित पंचशील बुद्ध विहार समता भवन बुढी बालाघाट में इस वर्ष पू.भंते कुसलचित्त करेंगे वर्षावास। रामाताई महिला बौद्ध संघ की पदाधिकारियों की याचना पर भंते जी ने सहमति दी है। पू. भिक्खू कुसलचित्त मूलतः मोहम्मदाबाद, गोहना जिला मऊ उ. प्र. के है यह उनका 10 वा वर्षावास है। भगवान बुद्ध द्वारा स्थापित परम्परा अनुसार परम् पावन धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस/वर्षावास जिसे पालि भाषा मे वस्सावास भी कहा जाता है इस बार पावन वर्षावास त्रिविध पावनी आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) 10 जुलाई 2025 से प्रारम्भ होगा और आश्विन पूर्णिमा (शरद पूर्णिमा) 07 अक्टूबर 2025 के दिन इसका समापन को होगा। वर्षावास बौद्ध धम्म में एक महत्वपूर्ण अवधि है, जो भिक्षुओं को आध्यात्मिक विकास और ज्ञान प्राप्ति के लिए एक अवसर प्रदान करती है।वर्षावास के दौरान, भिक्षु किसी भी प्रकार के विचरण से परहेज करते हैं और भगवान बुद्ध के सिद्धांतों का पालन करते हैं।

### वर्षावास क्या है?

वर्षावास, जिसे वस्सावास भी कहा जाता है, बौद्ध भिक्षुओं के लिए एक तीन महीने की अवधि है जो वर्षा ऋतु के दौरान होती है। इस दौरान, भिक्षु एक ही स्थान पर रहते हैं, आमतौर पर किसी विहार या मठ में, और ध्यान, अध्ययन और धार्मिक गतिविधियों में संलग्न रहते हैं।



### वर्षावास का महत्व

वर्षावास का बौद्ध धर्म में विशेष महत्व है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु में होने वाली प्राकृतिक आपदाओं और कीचड़ भरे रास्तों पर चलने से होने वाली जीवों की हानि से बचना है। इसके अलावा, यह भिक्षुओं को ध्यान और साधना के लिए एक शांत वातावरण प्रदान करता है। इस दौरान, भिक्षु किसी भी प्रकार की यात्रा से बचते हैं और एक ही स्थान पर रहते हैं।

### वर्षावास के दौरान गतिविधियां

वर्षावास के दौरान, भिक्षु ध्यान, पूजा, और धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। वे स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ते हैं और उन्हें धम्मदेसना (धार्मिक शिक्षा) और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।वहीं भिक्षु धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करते हैं और अपने ज्ञान को बढ़ाते हैं. वे ध्यान और साधना में समय बिताते हैं. तथा वर्षावास के दौरान निर्धारित सीमा का उल्लंघन नहीं करते हैं. पवारणाः-तीन महीने के अंत में, भिक्षु पवारणा समारोह करते हैं, जिसमें वे एक-दूसरे को अपनी गलतियों को इंगित करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# स्कूल परिसर में अतिक्रमण कर बेची जा रही है अवैध कच्ची शराब

**हरिभूमि न्यूज बैहर।** बालाघाट जिले की बैहर तहसील में इन दिनों महुवा की कच्ची शराब सर चढ़कर बोल रही है, हद तो तब हो गई जब नगरीय क्षेत्र बैहर के कंपाउंडर टोला वार्ड नंबर 6 बैहर में संचालित शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में अतिक्रमण कर अवैध रूप से कच्ची शराब बेखौब बेची जा रही है, जिस पर शासन प्रशासन अब तक चुप्पी साधे बैठा है। गौरतलब हो की कंपाउंडर टोला वार्ड नंबर 5 बैहर में शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल एक शाला एक परिसर के रूप में संचालित है । जिसकी बाउंड्री का आधा अधूरा निर्माण कर शेष स्थान को अतिक्रमण के चलते छोड़ दिया गया है।



**स्कूल परिसर में अतिक्रमण कर बेच रहे कच्ची शराबः** कंपाउंडर टोला वार्ड नंबर 5 में संचालित आंगनबाड़ी, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल संचालित है, जहां प्ले ग्राउंड की कोई व्यवस्था नहीं नहीं है, जिसका मुख्य कारण यहां पर होने वाला अतिक्रमण है। जिस पर शासन प्रशासन ने कभी ध्यान ही नहीं दिया, स्कूल परिसर में ही कुछ लोगों ने कब्जा कर कच्ची शराब बेचने का काम कर प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे है, कच्ची शराब बेचे जाने को लेकर कई बार आबकारी विभाग को भी अवगत कराया गया, लेकिन कभी भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध नहीं लग सका है, और निरंतर कच्ची शराब बेचने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

**एसडीएम से की गई कार्यवाही की मांगः** जानकारी अनुसार बता दें कि, कंपाउंडर टोला वार्ड नंबर 5 बैहर में संचालित शासकीय माध्यमिक शाला के साथ साथ यह ख़ैरमाता मंदिर व कबीर मंदिर जैसे धर्म स्थल विद्यमान है, ऐसे में यदि कोई स्कूल परिसर में कब्जा करके बेख़ौब कच्ची शराब बेचे तो, यह बहुत गंभीर मामला है, जिसको लेकर समाजसेवी आर राजा सोनवाने ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को लिखित शिकायत देकर स्कूल परिसर में अतिक्रमण करने व अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने वालो पर सख्त कार्यवाही की मांग की है। ताकि स्कूल और धर्म स्थल का वातावरण स्वच्छ बना रहे। अब देखना यह है की, स्कूल परिसर के इर्द गिर्द अतिक्रमण करने व आसपास कच्ची शराब बेचने वालो पर किस तरह की कार्यवाही की जाती है या, हमेशा की तरह मामले की इतिश्री कर ली जाएगी।

